Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 10-05-2005

Participants : Saroj Shri Tufani

Title: Need to extend the passenger train No. 565 running between Balia and Varanasi upto Allahabad.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय का ध्यान पैसेंजर रेलगाड़ी नं0 565 के परिचालन की ओर दिलाना चाहता हूं। यह रेलगाड़ी बलिया से वाराणसी होकर मडुआडीह तक चलती है। मडुआडीह में एक डेढ घंटे रूकने के बाद नए नंबर और नए रेक के साथ फिर वही ट्रेन इलाहाबाद रवाना हो जाती है। यदि इसी ट्रेन को सीधे बलिया वाराणसी मडुआडीह से बढ़ाकर इलाहाबाद तक चलाया जाता तो बलिया, गाजीपुर व औड़िहार के या9यों को काफी फायदा होता। पहले जब यह रेल लाइन मीटर गेज अर्थात छोटी लाइन थी तो बलिया से इलाहाबाद तक हाइकोर्ट नाम से एक रेलगाडी चलती थी, जिससे इलाहाबाद जाने में यात्रियों को काफी सुविधा होती थी। अब उक्त लाइन के बड़ी लाइन में तब्दील हो जाने के बाद बलिया, गाजीपुर, औड़िहार आदि जगहों से इलाहाबाद जाने के लिए कोई भी पैसेंजर या दूसरी रेलगाडी नहीं है। परिणामरूवरूप लोगों को बसों का सहारा लेना पड़ता है, उसमें भी इलाहाबाद पहुंचने के लिए दो या तीन जगहों पर बसें बदलनी पड़ती हैं।

अतः सरकार व रेल मंत्री से मेरा आग्रह है कि पैसेंजर रेलगाडी नं0 565 को बलिया और वाराणसी से सीधे इलाहाबाद तक चलाया जाये।